पत्रिका

फिर पकड़ा नकली सिरप का जखीरा, घर में चल रही थी जहर की फैक्ट्री

MP News: ग्राम धरमपुरी सोलसिंदा स्थित रेबिहांस हर्बल प्राइवेट लिमिटेड नामक आयुर्वेदिक दवा निर्माण इकाई को प्रशासन ने गुरुवार को सील कर दिया। आवासीय परिसर में बिना अनुमति, बिना गुणवत्ता जांच व्यवस्था और बिना आवश्यक दस्तावेजों के दवाओं का निर्माण किया जा रहा था। सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में 30 से ज्यादा तरह के सिरप पाए गए। दवा निर्माण में प्रयुक्त घटकों (कंपोनेंट) से जुड़े रिकॉर्ड भी नहीं मिले।

दूसरी कंपनियों के नाम का इस्तेमाल

जांच में सामने आया कि उत्पादों पर अलग-अलग कंपनियों के नाम थे। इनमें मनोमय लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड (जिरकपुर, पंजाब) और रेबिहांस बायोटेक प्रा.लि. (देहरादून) शामिल हैं, जबकि इन कंपनियों से किसी प्रकार का वैध अनुबंध या टाईअप नहीं था। मौके पर मिले केमिस्ट संजय डेविड ने बताया कि उन्होंने बीएससी (मैथ्स) किया है। दवा निर्माण का अनुभव निजी फार्मा कंपनी में काम के दौरान मिला।

Source: https://www.patrika.com/indore-news/mp-news-another-stash-of-fake-syrup-seized-poison-factory-operating-in-house-20187465